रामनवमी • शहर के विभिन्न संवेदनशील स्थानों का जिला प्रशासन ने किया निरीक्षण

ढोल-नगाड़ों के साथ लगे श्रीराम के जयकारे

सिटी रिपोर्टर | रफीगंज

रामनवमी के अवसर पर रफीगंज शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को आस्था, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे दिन शहर जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान रहा। भव्य शोभायात्राएं, आकर्षक झांकियां और महाआरती ने पूरे क्षेत्र को धार्मिक रंग में रंग दिया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रामनवमी के मौके पर शहरी क्षेत्र के काली स्थान, महाराजगंज, मेन बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्रों कियाखाप, माड़ीपुर और अन्य गांवों से गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाले गए। सभी जुलूस रफीगंज स्थित बड़ी दुर्गा देवी स्थान परिसर में एकत्रित हुए, जहां से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा अस्पताल रोड, मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, महाराजगंज रोड और बस स्टैंड होते हुए पुनः बड़ी देवी स्थान पहुंचकर संपन्न हुई।

जुलूस के दौरान किराना पट्टी स्थित नरसिंह स्थान पूजा समिति द्वारा प्रस्तुत भगवान श्रीराम की भव्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। झांकियों में भगवान राम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को जीवंत रूप में दर्शाया गया, जिसे देखने के लिए सड़क किनारे लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं युवाओं ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर लाठी-डंडों का हैरतअंगेज प्रदर्शन कर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया।पूरे शहर में भक्तिमय माहौल बना रहा। "जय श्रीराम" के नारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से वातावरण पूरी तरह धार्मिक हो गया। जुलूस में शामिल श्रद्धालु पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ आगे बढ़ते रहे।इस दौरान सामाजिक सौहार्द की भी अनूठी मिसाल देखने को मिली। मुरली मोड़ और महाराजगंज सहित कई स्थानों पर जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के लिए शरबत और पानी की व्यवस्था की गई, जिससे लोगों को राहत मिली।

श्रद्धालुओं के लिए शरबत और पानी की व्यवस्था की गई, झांकियां निकाली गई

शोभा यात्रा में गोल खेलते लोग,जुलूस को लेकर निरीक्षण करते डीएम व एसपी ,महाआरती में शामिल विधायक

डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

वहीं, रामनवमी के मद्देनजर जिला प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने स्वयं शहर के विभिन्न संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने रफीगंज बस स्टैंड, स्टेशन रोड, डिहवार स्थान समेत कई प्रमुख जगहों का जायजा लिया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए।प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। बीडीओ कुमार अश्वनी और थानाध्यक्ष शंभू कुमार के नेतृत्व में एसआई गीतांजलि, कुशो कुमार, ध्रुव कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। प्रशासन ने पर्व के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

महाआरती में शामिल हुए रफीगंज विधायक

शाम के समय चैत्र नवरात्रि के नवमी अवसर पर किराना पट्टी स्थित नरसिंह स्थान में भव्य झांकियों और महाआरती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने भाग लिया और विधिवत आरती कर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर आयोजकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि नवरात्रि और रामनवमी जैसे पर्व हमें शक्ति, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देते हैं। ऐसे आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करते हैं।कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इनमें भाजपा जिला अध्यक्ष (किसान मोर्चा) विनय कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ विश्वकर्मा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान, जिला पार्षद प्रदीप चौरसिया सहित कई जनप्रतिनिधि और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

महाआरती में शामिल विधायक

सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक घायल, अस्पताल में भर्ती

सिटी रिपोर्टर | औरंगाबाद

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरा गांव के समीप शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिला निवासी शैलेंद्र कुमार के रूप में की गई है, जो पेशे से ट्रक चालक है। जानकारी के अनुसार, शैलेंद्र कुमार अपने ट्रक के साथ सड़क मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान उसके आगे चल रही एक गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे वह असंतुलित हो गया और वाहन सहित दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसा इतना अचानक हुआ कि चालक को संभलने का मौका नहीं मिल सका और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल चालक को तत्काल उपचार के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा गया।अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार, चालक को गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर और खतरे से बाहर बताई जा रही है।

पुलिस ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण आगे चल रही गाड़ी द्वारा अचानक ब्रेक लगाना बताया जा रहा है।

यूजीसी बिल के विरोध में सवर्ण एकता मंच की हुंकार, आंदोलन की चेतावनी

सिटी रिपोर्टर | औरंगाबाद

जिले में यूजीसी बिल को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। शुक्रवार की शाम शहर के चित्तौड़ नगर में आयोजित प्रेसवार्ता में सवर्ण एकता मंच ने इस बिल का कड़ा विरोध जताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। कार्यक्रम का नेतृत्व बीजेपी नेता प्रवीण सिंह ने किया, जिसमें पार्टी के कई कार्यकर्ता और मंच से जुड़े लोग मौजूद रहे।

प्रेसवार्ता में मंच के सदस्यों ने एकमत होकर कहा कि यह बिल सवर्ण समाज के हितों के खिलाफ है और इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि सवर्ण समाज ने वर्ष 2014 में देशहित में नरेंद्र मोदी को सत्ता सौंपी थी, लेकिन अब उनकी नीतियां सवर्ण विरोधी नजर आ रही हैं। ऐसी स्थिति में यदि सरकार इस बिल को वापस नहीं लेती है, तो वे पार्टी के पदों से इस्तीफा देने तक को तैयार हैं।मंच के नेताओं ने आरोप लगाया कि यह बिल सवर्ण समाज के बच्चों के भविष्य को प्रभावित करेगा।

हसपुरा में जयंती पर याद किए गए सम्राट अशोक

सिटी रिपोर्टर | हसपुरा

सम्राट अशोक की तस्वीर पर माल्यार्पण करते विधायक

हसपुरा प्रखंड के अहियापुर गांव में विश्व विजेता सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने सम्राट अशोक को श्रद्धांजलि अर्पित की।जयंती समारोह में गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा, प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी और पूर्व मुखिया मृत्युंजय कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की।मुख्य अतिथि अमरेंद्र कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि सम्राट अशोक सबसे प्रतापी राजा थे जिन्होंने अखंड भारत पर शासन किया। उन्होंने सम्राट अशोक को उनके शिलालेखों और कल्याणकारी कार्यों के लिए ''अशोक महान'' बताया। विधायक ने लोगों से सम्राट अशोक के बताए करुणा और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया।प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी, पूर्व मुखिया मृत्युंजय कुमार और शिक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने कहा कि सम्राट अशोक ने पूरी दुनिया को करुणा और अहिंसा का पाठ पढ़ाया। उन्होंने सड़कें, छायादार वृक्ष, कुएं, धर्मशालाएं और अस्पतालों का निर्माण कराया और लगभग 30 वर्षों तक शासन किया।इस अवसर पर समाजसेवी धनेश प्रसाद, पूर्व पैक्स अध्यक्ष अजय कुमार, राजद अध्यक्ष मनीष कुमार, रालोमो प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, प्रधानाध्यापक राजू कुमार और इटवा पैक्स अध्यक्ष अश्विनी कुमार नीपु ने सम्राट अशोक के जीवन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि सम्राट अशोक ने अपनी शक्ति से अखंड भारत को एक सूत्र में बांधा और कलिंग युद्ध के भीषण नरसंहार से व्यथित होकर करुणा और अहिंसा का मार्ग अपनाया। उनका अशोक चक्र आज भी राष्ट्रीय शान है।कार्यक्रम के उपरांत, सम्राट अशोक क्लब द्वारा वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। पूर्व सरपंच रणधीर कुमार ने गोह विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखीं।कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार ने किया। इसे सफल बनाने में सम्राट अशोक क्लब के युवा सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा, जिन्होंने ''कफन'' नामक एकांकी नाटक का सफल मंचन किया। विक्रम कुमार मौर्य, मनीष कुमार आदि थे।

वारंटियों के घर इश्तेहार चस्पा, नहीं लौटे तो कुर्की

मदनपुर| सलैया थाना पुलिस ने फरार चल रहे दो वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए उनके घरों पर इश्तेहार चिपकाया है। यह कार्रवाई न्यायालय के निर्देश पर की गई है। जानकारी के अनुसार, उद्यम बिगहा गांव निवासी रामजन्म सिंह के पुत्र कुंदन सिंह तथा सोनारचक गांव निवासी राम भरोसी यादव के पुत्र मुन्ना यादव लंबे समय से फरार चल रहे हैं। पुलिस द्वारा कई बार गिरफ्तारी के प्रयास किए जाने के बावजूद दोनों अभियुक्त अब तक पकड़ में नहीं आए हैं।इस संबंध में सलैया थाना के एसएचओ कन्हैया शर्मा ने शुक्रवार की शाम बताया कि न्यायालय के आदेश पर दोनों फरार अभियुक्तों के घर पर इश्तेहार चिपकाकर उन्हें शीघ्र आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय के भीतर अभियुक्त न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं।

बौर में रामनवमी पर मेले का आयोजन

युवाओं व बुजुर्गों ने दिखाया लाठियां से करतब, भाईचारे के साथ मिलते हैं गले

सिटी रिपोर्टर | औरंगाबाद सदर

रफीगंज प्रखंड के बौर गांव के समीप ठाकुरबाड़ी प्रांगण में रामनवमी के मौके पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में आसपास के दर्जनों गांव बौर, फरदपुर, आशो, सैरा, मंझौली, प्रेम बिगहा, बहादुरपुर समेत अन्य गांव के लोग आपसी भाईचारे के साथ एकजुटता का मिसाल कायम करते हैं।

इससे पहले गांव में धूमधाम से झंडा पूजन किया जाता है। गाजे बाजे के साथ युवाओं की टोलियां झंडा लेकर घर-घर पहुंचते हैं और झंडा पूजन के बाद दर्जनों गांव के लोग अपने अपने झुण्ड में दूसरे गांव के लोगों का आने का इंतजार करते हैं। जब लोग कुछ दूर पर आ जाते हैं तो एक साथ एक दूसरे से गले मिलते हुए झंडे को प्रणाम करते हुए ठाकुरबाड़ी की ओर प्रस्थान करते हैं। जहां बच्चे युवाओं एवं बुजुर्गों द्वारा लाठियां से करतब दिखाई जाती है। इस दौरान भव्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों गांव के महिला पुरुष युवा बच्चे बुजुर्ग सभी लोग शामिल होते हैं और मेला का आनंद लेते हैं। वहीं ठाकुरबाड़ी समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत सत्कार धूमधाम से किया गया। इस मेले की विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय थाना की पुलिस ने भरपूर सहयोग की। मौके पर भंवर पंचायत के मुखिया विनय कुमार, पूर्व मुखिया रामस्वरूप सिंह, सरपंच मनोज मेहता, स्थानीय सत्येंद्र पासवान दिनेश मेहता, हरिद्वार मेहता, रंजीत, सुनील, ललेंद्र, राजेश, हरेंद्र सिंह, गिरीराम प्रसाद समेत अन्य मौजूद रहे।

मेले में शामिल पूर्व मुखिया रामस्वरूप सिंह एवं अन्य ग्रामीण

औरंगाबाद जिला सम्मेलन की तैयारी जोरों पर

दाउदनगर| 10-11 अप्रैल को औरंगाबाद के देवकृति रिसॉर्ट में आयोजित होने वाले भाकपा माले के 13वें औरंगाबाद जिला सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर हैं। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए गांव-गांव में कार्यकर्ताओं की बैठक, प्रचार-प्रसार और दीवार लेखन का कार्य लगातार जारी है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में प्रतिनिधि के रूप में भाग लेने के लिए प्रतिनिधियों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दाउदनगर प्रखंड एवं शहर क्षेत्र में नामांकन की प्रक्रिया 26 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है, जो 28 मार्च तक चलेगी।26 एवं 27 मार्च तक दाउदनगर प्रखंड में 24 प्रतिनिधियों के चुनाव के लिए 10 अभ्यर्थियों ने अपने-अपने दो प्रस्तावकों के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया है।

शब्दवीणा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने सुरेश

सिटी रिपोर्टर | औरंगाबाद सदर

राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की औरंगाबाद जिला इकाई के अध्यक्ष, पत्रकार एवं साहित्यसेवी सुरेश विद्यार्थी को शब्दवीणा का राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। शब्दवीणा की संस्थापिका एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रश्मि प्रियदर्शनी ने इस संबंध में शब्दवीणा का मनोनयन पत्र साझा करते हुए बतलाया कि सुरेश विद्यार्थी को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए जाने का निर्णय उनकी शब्दवीणा के उज्ज्वल भविष्य के लिए योजनाबद्ध निष्ठा, नेतृत्व क्षमता, उत्साह, समर्पण भाव, विनम्रता, एवं सक्रियता को देखते हुए लिया गया है। डॉ रश्मि ने बतलाया कि राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में श्री विद्यार्थी का योगदान अब महज शब्दवीणा की औरंगाबाद जिला समिति को ही नहीं, अपितु पूरी संस्था को प्राप्त हो सकेगा। सुरेश विद्यार्थी को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए जाने पर साहित्य जगत, विशेष रूप से शब्दवीणा की औरंगाबाद जिला समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में प्रसन्नता की लहर है। श्री विद्यार्थी को शब्दवीणा का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए जाने पर राष्ट्रीय सचिव महावीर सिंह वीर, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री डॉ रवि प्रकाश, राष्ट्रीय उप प्रचार मंत्री अनुराग सैनी मुकुंद, बिहार प्रदेश संरक्षक प्रो. सुबोध कुमार झा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ वीरेन्द्र कुमार, पश्चिम बंगाल प्रदेश संरक्षक पुरुषोत्तम तिवारी, प. बंगाल प्रदेश अध्यक्ष राम नाथ बेखबर, कर्नाटक प्रदेश साहित्य मंत्री निगम राज, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष अशोक राय वत्स, गया जिला अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार मालवीय, समेत अन्य थे।

सुरेश विद्यार्थी

रायपुरा के सत्यचंडी धाम में चैती नवरात्र संपन्न

औरंगाबाद सदर| जिला मुख्यालय औरंगाबाद से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ एवं तीर्थ स्थल सत्यचंडी धाम रायपुरा में नौ दिवसीय चैती नवरात्र का समापन भक्तिमय वातावरण में हुआ। पिछले 9 दिनों से योग्य आचार्यों के सान्निध्य में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया एवं पूर्णाहुति के दिन षोडशोपचार विधि से विशेष पूजा अर्चना के साथ नवमी का हवन किया गया।हवन के पश्चात कुमारी कन्याओं का पूजन किया गया। सत्यचंडी धाम महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष सह न्यास समिति के सचिव राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित चैती नवरात्र के संदर्भ में बताया गया कि 5 दशकों से इसका आयोजन किया जा रहा है। भंडारा के महाप्रसाद में भी सैकड़ो भक्तजन एवं ग्रामीण शामिल हुए।

स्थापना दिवस पर शहर में सज रहे तोरण द्वार

इंडियन आइडल फेम शीर्षा रक्षित की प्रस्तुति होगी मुख्य आकर्षण और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

सिटी रिपोर्टर | दाउदनगर

स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर बैठक करते एसडीओ अमित राजन।

अनुमंडल के 35वें स्थापना दिवस को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। 31 मार्च को आयोजित होने वाले इस आयोजन को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। प्रशासनिक पहल के साथ-साथ स्थानीय नागरिक भी इसमें बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं, जिससे पूरे शहर में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।इसको लेकर एसडीओ अमित राजन ने अपने कार्यालय कक्ष में गठित विभिन्न कोषांगों के सदस्यों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। स्थापना दिवस के अवसर पर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर आकर्षक तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं। वहीं, सभी सरकारी कार्यालयों को सजाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है। भखरुआं मोड़ को विशेष रूप से भव्य स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है, ताकि यह आयोजन का मुख्य केंद्र बन सके।एसडीओ ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने-अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों को सजाकर दीपोत्सव मनाएं, जिससे पूरे दाउदनगर में उत्सव का माहौल बने और आयोजन की गरिमा बढ़े।कार्यक्रम के तहत 31 मार्च की सुबह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रामविलास सिंह के स्मारक पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद भखरुआं मोड़ पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा और सुंदर दाउदनगर बनाने का संकल्प लिया जाएगा।

दोपहर में लखन मोड़ स्थित एनआईएसटी सभागार में "दाउदनगर अनुमंडल के विकास की संभावना एवं चुनौतियां" विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न बुद्धिजीवी एवं जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।शाम छह बजे अनुमंडल कार्यालय मैदान में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान केक कटिंग के साथ स्थापना दिवस मनाया जाएगा तथा स्थानीय एवं जिला स्तरीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इंडियन आइडल फेम शीर्षा रक्षित की प्रस्तुति होगी, जिसे लेकर लोगों में खासा उत्साह है।बैठक में बीडीओ मो जफर इमाम, बीपीआरओ ऋतु राज एवं सीडीपीओ पवन कुमार को भी निर्देश दिए गए। मौके पर अश्विनी कुमार तिवारी, मुन्ना अजीज, अरुण कुमार यादव, डॉ एसपी सुमन, आनंद प्रकाश, जय गोविंद प्रसाद, अमित कुमार, रमेश भारती आदि थे।

जिले में 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही

10 दिनों में 50 नए पीएनजी कनेक्शन

सिटी रिपोर्टर | औरंगाबाद

जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था तथा पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन के विस्तार की अद्यतन स्थिति की समीक्षा शुक्रवार को की गई। समीक्षा में गैस वितरण को सामान्य और संतोषजनक बताया गया, वहीं स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने के तहत पीएनजी कनेक्शन के विस्तार में भी उल्लेखनीय प्रगति सामने आई है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने इस दौरान गैस एजेंसियों को सख्त निर्देश देते हुए लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने और कालाबाजारी पर पूरी तरह रोक लगाने को कहा।प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 7539 सिलेंडरों की मांग के मुकाबले करीब 6358 सिलेंडरों की होम डिलीवरी की जा रही है। प्रशासन का कहना है कि आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जा रही है, हालांकि डिलीवरी में आंशिक अंतर को जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।



घरों में लगा पीएनजी कनेक्शन

शिकायत निवारण को लेकर भी जिला प्रशासन सक्रिय भूमिका में दिखा। जिला नियंत्रण कक्ष में शुक्रवार को प्राप्त कुल 15 शिकायतों में से 14 का त्वरित निष्पादन कर दिया गया, जबकि एक शिकायत पर कार्रवाई जारी है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।गैस आपूर्ति व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। जिले की छह संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है, जबकि औचक निरीक्षण लगातार जारी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि कहीं भी कृत्रिम कमी या अवैध गतिविधि पाई गई तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे

पिछले 10 दिनों (18 मार्च से 27 मार्च 2026) के दौरान अतिरिक्त 50 घरों में पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही अब घरेलू उपयोग के अलावा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, विशेष रूप से रेस्टोरेंट में भी पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे सुरक्षित, सस्ती और निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।डीएम अभिलाषा शर्मा नेनिर्देश दिया है कि वे उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराएं और लंबित बुकिंग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या, जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06186-295027 पर दें।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | punjab national bank ...the name you can BANK upon !

सम्पति वसूली प्रबंधन शाखा
ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार-824101

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 (1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम,2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से सुरक्षित लेनदार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में सम्बंधित सम्पत्तियों के अनुसार होगी।

परिशिष्ट-IV-A (नियम 9(1) का प्रावधान देखें) सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची

लॉट न.	शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता	गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाले)	(क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि (ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (4) के तहत कब्जे की तिथि (घ) कब्जे की प्रकृति (ङ) बिक्री सूचना के अनुसार बकाया राशि	(क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) (ख) ईएमडी (ग) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण
1	शाखा - रतवार (300700) [illegible]	[illegible]	(क) 23.06.2021 (ख) रु. 26,68,034.83 + दिनांक 01.04.2021 से ब्याज व्यय (ग) 16.09.2022 (घ) [illegible] (ङ) रु. 45,51,187.83 दिनांक 28.02.2026 तक + अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य शुल्क	(क) रु.12,92,000/- (ख) रु.1,29,200/- (ग) रु.25,000/-	दिनांक 28.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक	ज्ञात नहीं

[illegible]

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना | विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा | प्राधिकृत अधिकारी